| | मानव संसाधन प्रबंधन विभाग<br>Human Resources Management Department<br>प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे-5<br>Head Office: LOKMANGAL,1501,SHIVAJINAGAR,PUNE-5<br>टेलीफोन/TELE-020 : 25614321-477<br>ई-मेल/ e-mail : bomrpcell@mahabank.co.in | |
|---|---|---|

एएक्स1/एसटी/आरपी/खिलाड़ियों की भर्ती/अधिसूचना/2024-25 दिनांक: - 18 जून 2024

# भर्ती अधिसूचना

## मेधावी महिला खिलाड़ियों की भर्ती - प्रोजेक्ट 2024-25

## ऑफ़लाइन आवेदन प्रस्तुत करने का दिनांक 20.06.2024 से 08.07.2024 तक

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**, सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी सूचीबद्ध बैंक है, जिसका प्रधान कार्यालय पुणे में अवस्थित है और इसके पास 2500 से अधिक शाखाओं का नेटवर्क है, अंतर-बैंक/ राज्य/ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न टूर्नामेंटों में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए मेधावी महिला खिलाड़ियों से **ऑफ़लाइन** आवेदन आमंत्रित करता है।

### 1. पदों की संख्या का विवरण:

| खेल का नाम | रिक्तियों की संख्या | आयु | पदनाम | वेतनमान | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|
| वॉलीबॉल | 12 - महिला | 18-25 | ग्राहक सेवा एसोसिएट (लिपिक) | रु. 24050 - 1340/3 - 28070 - 1650/3 - 33020 - 2000/4 - 41020 - 2340/7 - 57400 - 4400/1 - 61800 - 2680/1 - 64480 | वॉलीबॉल और फील्ड ट्रायल में दक्षता |

### 2. पात्रता मापदंड:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पद | ग्राहक सेवा एसोसिएट (लिपिक) |
| 2 | रिक्तियों की संख्या | 12 रिक्तियां |
| 3 | आयु | न्यूनतम 18 और अधिकतम 25 |
| 4 | योग्यता | 1. न्यूनतम 10वीं पास या भारत सरकार या उसके विनियामक निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष योग्यता, बशर्ते सक्रिय स्पोर्ट्स फेज़ समाप्त होने के 5 वर्ष के भीतर स्नातक डिग्री या समकक्ष योग्यता प्राप्त कर ली हो।<br>2. **सक्रिय स्पोर्ट्स फेज़:** - इसका तात्पर्य बैंक में खिलाड़ी के कार्यग्रहण करने के दिनांक से 10 वर्ष की अवधि अथवा खिलाड़ी द्वारा नियमित रूप से प्रशिक्षण, अभ्यास और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता जारी रखने तक, जो भी बाद में हो, से है। |
| 5 | खेल योग्यता | **उम्मीदवार द्वारा प्रतिनिधित्व किया होना चाहिए -**<br>1. राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य या देश; या जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक विजेता; या खेलो इंडिया यूथ गेम्स (18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) में पदक विजेता; या खेलो इंडिया विंटर गेम्स; या खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में पदक विजेता; या स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) में पदक विजेता। |

| | | |
|---|---|---|
| | | 2. राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कोई भी जिला।<br>3. इंटर–यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड द्वारा आयोजित इंटर–यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में विश्वविद्यालय।<br>4. किसी भी खेल/ स्पोर्ट्स में ऑल इंडिया स्कूल गेम्स फेडरेशन द्वारा आयोजित स्कूलों के लिए राष्ट्रीय स्पोर्ट्स/ खेल में राज्य स्कूल टीम। |

3. **उल्लेखनीय बिंदु:**

3.1 नियुक्ति के समय, अभ्यर्थी को सक्रिय खिलाड़ी होना चाहिए तथा उसकी भागीदारी भर्ती के लिए अधिसूचना जारी होने की तिथि से एक वर्ष पूर्व की होनी चाहिए। आगामी टूर्नामेंटों/ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए उसे चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ होना चाहिए।

3.2 उपरोक्त रिक्तियों की संख्या अनंतिम है तथा उपयुक्त उम्मीदवारों की उपलब्धता के अधीन बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार इसमें परिवर्तन हो सकता है।

3.3 अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट लागू होगी।

3.4 पात्रता मानदंड और अन्य विवरणों के लिए अंतिम दिनांक 30-06-2024 है।

3.5 आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि वे पात्रता के दिनांक को संबंधित खेल के लिए पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं। पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूर्ण होती है जब शुल्क भुगतान के अंतिम दिनांक को या उससे पहले बैंक में शुल्क जमा कर दिया जाता है।

3.6 अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे विस्तृत जानकारी और अपडेट के लिए नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट देखें। किसी भी बदलाव/ अपडेट के मामले में कोई अलग से सूचना/ विज्ञापन आदि जारी नहीं किया जाएगा।

3.7 ऐसे उम्मीदवार जिनके खिलाफ ऋण/ क्रेडिट कार्ड बकाया के पुनर्भुगतान में चूक का रिकॉर्ड है और/ या जिनके नाम पर सिबिल या अन्य बाहरी रेटिंग एजेंसियों की प्रतिकूल रिपोर्ट उपलब्ध है, वे नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं। ऐसे उम्मीदवार जिनके खिलाफ चरित्र और पूर्ववृत्त, नैतिक पतन के संबंध में प्रतिकूल रिपोर्ट है/हैं, वे पद के लिए आवेदन करने हेतु पात्र नहीं हैं।

3.8 ग्राहक सेवा एसोसिएट (क्लर्क) के पद पर नवनियुक्त खिलाड़ियों की तैनाती बैंक के विवेकानुसार की जाएगी, जहां भी खेलों की अवसंरचना उपलब्ध हो।

3.9 कृपया नोट करें कि आवेदन के पंजीकरण के बाद भर्ती के किसी भी चरण में श्रेणी में परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

4. **परिलब्धियां:** वर्तमान में लागू प्रारंभिक मूल वेतन निम्नानुसार है:

| | | |
|---|---|---|
| 01 | ग्राहक सेवा एसोसिएट (लिपिक) | रू. 24050 - 1340/3 - 28070 -1650/3 - 33020 - 2000/4 - 41020 - 2340/7 - 57400 - 4400/1 - 61800 - 2680/1 - 64480 |

4.1 चयनित खिलाड़ी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार डी.ए., एच.आर.ए., सी.सी.ए., मेडिकल और अन्य भत्ते आदि और अनुलाभों के लिए भी पात्र होंगे। पोस्टिंग की जगह के आधार पर भत्ते अलग-अलग हो सकते हैं।

**5. स्थायीकरण:**

5.1 खेल कोटे के अंतर्गत भर्ती किए गए खिलाड़ियों को तब तक ग्रामीण/ अर्धशहरी सेवा से छूट दी जाएगी जब तक कि वे खेल के मैदान में सक्रिय रहते हैं या राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोचिंग ले रहे हों, उसके बाद उन्हें निर्धारित ग्रामीण और अर्धशहरी सेवा देनी होगी। खिलाड़ियों का स्थायीकरण केवल उनके द्वारा संबंधित खेल में किए गए प्रदर्शन के आधार पर होगा जिसका मूल्यांकन छमाही आधार पर किया जाएगा।

**6. परिवीक्षा अवधि और बाण्ड:**

6.1 चयनित खिलाड़ी बैंक में कार्यग्रहण करने के दिनांक से नीचे उल्लिखित अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे। चयनित अभ्यर्थियों द्वारा सेवा बाण्ड निष्पादित करना अनिवार्य है।

6.2 यदि अभ्यर्थी कार्यग्रहण करने के दिनांक से बाण्ड अवधि समाप्त होने से पहले बैंक की सेवाओं से त्यागपत्र देता है तो बैंक द्वारा बाण्ड प्रयोज्य किया जाएगा।

| पद | परिवीक्षा अवधि | बाण्ड राशि एवं अवधि | |
|---|---|---|---|
| | | राशि रु. | न्यूनतम सेवा अवधि |
| ग्राहक सेवा एसोसिएट | 6 माह | रू.50,000 | 1 वर्ष |

6.3 चयनित उम्मीदवार को बैंक के लिए 10 वर्ष तक सक्रिय खेल भागीदारी का बॉन्ड जमा करना होगा और बॉन्ड की अवधि बैंक के विवेकानुसार बढ़ाई जा सकती है। ऐसा न करने पर बैंक को अभ्यर्थी की भर्ती से संबंधित सभी लाभ वापस लेने का अधिकार है।

**7. राष्ट्रीयता/ नागरिकता:**

7.1 अभ्यर्थी को या तो (i) भारत का नागरिक होना चाहिए या (ii) नेपाल या (iii) भूटान या (iv) तिब्बती शरणार्थी होना चाहिए जो भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से 01 जनवरी 1962 से पहले भारत आया हो (v) भारतीय मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीकी देशों केन्या, युगांडा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया (पूर्व में तंगानिका और ज़ांज़ीबार), जाम्बिया, मलावी, ज़ायरे, इथियोपिया और वियतनाम से पलायन कर आया हो, बशर्ते कि उपरोक्त श्रेणियों (ii), (iii), (iv) और (v) से संबंधित अभ्यर्थी ऐसा व्यक्ति हो जिसके पक्ष में भारत सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाणपत्र जारी किया गया हो।

7.2 जिस उम्मीदवार के मामले में पात्रता का प्रमाणपत्र आवश्यक है, उसे बैंक द्वारा आयोजित फील्ड ट्रायल में शामिल किया जा सकता है, लेकिन अंतिम चयन पर नियुक्ति का प्रस्ताव केवल तभी दिया जाएगा जब भारत सरकार द्वारा जारी आवश्यक पात्रता प्रमाण पत्र बैंक को प्रस्तुत किया जाएगा।

**8. चयन प्रक्रिया:** खिलाड़ियों का चयन अलग-अलग वेटेज के साथ दो चरणों/स्टेजों पर आधारित होगा।

| क्र. | विवरण | वेटेज/अंकों का आवंटन |
|---|---|---|
| चरण 1 | प्रवीणता जांच | 50 |
| चरण 2 | फ़ील्ड परीक्षण | 50 |
| | कुल | 100 |

8.1 **प्रवीणता परीक्षण/स्क्रीनिंग**: इस चरण में, स्क्रीनिंग समिति बनाकर आवेदनों की प्रारंभिक स्क्रीनिंग की जाएगी। समिति आवेदकों को उनके चुने हुए खेल के अनुसार रैंक देगी। खेल में प्रवीणता का मूल्यांकन अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रशंसापत्रों के अनुसार तत्काल पिछले तीन वित्तीय वर्षों में मान्यता प्राप्त टूर्नामेंट/ इवेंट में भागीदारी और पुरस्कारों की उपलब्धियों के आधार पर किया जाएगा।

**खिलाड़ियों की दक्षता का आकलन करने के लिए जिन टूर्नामेंटों/ इवेंट पर विचार किया जाएगा, उनका क्रम निम्नलिखित होगा**:

(क) अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट/ सार्वभौमिक महत्व के आयोजन जैसे ओलंपिक, विश्व खेल आदि।
(ख) क्षेत्रीय महत्व के अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट/ इवेंट जैसे एशियाई खेल/ कॉमनवेल्थ गेम, एग्रो-एशियाई खेल आदि।
(ग) अन्य अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट/ स्थानीय महत्व की प्रतियोगिताएं।
(घ) राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ खिलाड़ियों के घरेलू टूर्नामेंट/प्रतियोगिताएं जैसे राष्ट्रीय खेल, राष्ट्रीय महासंघ/प्रतियोगिताएं, रणजी ट्रॉफी आदि।
(ङ) जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय स्तर के घरेलू टूर्नामेंट/प्रतियोगिताएं
(च) अंतर-विश्वविद्यालय टूर्नामेंट
(छ) राष्ट्रीय स्कूल खेल

8.2 उपर्युक्त टूर्नामेंटों/प्रतियोगिताओं में उपलब्धियों का आकलन करने हेतु, टूर्नामेंटों में प्राप्त स्थानों अर्थात विजेताओं को प्रथम स्थान, द्वितीय और तृतीय स्थान के अनुसार वरीयता दी जाएगी। जिन खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया, लेकिन रैंकिंग में कोई स्थान प्राप्त नहीं कर सके, उन्हें भी निम्नानुसार वरीयता दी जाएगी।

**खेल दक्षता हेतु अंकों का आवंटन**:

| **क्र** | **विवरण** | **अधिकतम अंक 50** |
|---|---|---|
| 1 | अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट/ प्रतियोगिताएं | 50 |
| 2 | राष्ट्रीय टूर्नामेंट/ प्रतियोगिताएं | 45 |
| 3 | राज्य स्तरीय टूर्नामेंट/ प्रतियोगिताएं | 40 |
| 4 | जिला स्तरीय या अंतर-विश्वविद्यालय स्तरीय टूर्नामेंट/ प्रतियोगिताएं | 30 |
| 5 | कोई अन्य मान्यता प्राप्त घरेलू टूर्नामेंट/ प्रतियोगिताएं | 25 |

8.3 खेलों में दक्षता के 50 अंक प्राप्त करने के लिए, पिछले तीन वित्तीय वर्षों के सर्वश्रेष्ठ तीन प्रदर्शनों का औसत लिया जाएगा। सभी मामलों में, केवल भारत सरकार/राज्य सरकार /स्थानीय प्रशासन से मान्यता प्राप्त प्राधिकारियों द्वारा दिए गए प्रमाण-पत्रों पर ही विचार किया जाएगा।

8.4 **चयन का दूसरा चरण/श्रेणी/चरण**: खिलाड़ियों की योग्यता की जांच करने के लिए, 1:10 के अनुपात में अथवा बैंक के विवेकानुसार, पात्र अभ्यर्थियों की एक निर्दिष्ट संख्या को फील्ड ट्रायल के लिए बुलाया जाएगा। फील्ड ट्रायल के लिए अंकों का आवंटन 50 होगा और आवेदकों को अंतिम चयन के लिए न्यूनतम 50% अर्थात 25 अंक प्राप्त करने होंगे।

8.5 अंतिम चयन में खेल दक्षता अंक और फील्ड ट्रायल अंक शामिल होंगे, अर्थात 100 अंक। यदि कई आवेदकों को समान अंक प्राप्त हुए हों तो वरीयता क्रम के अनुसार मेरिट सूची तैयार की जाएगी।

8.6 खिलाड़ियों को अनिवार्य रूप से डोपिंग परीक्षण से गुजरना होगा। डोप परीक्षण में सकारात्मक पाए जाने पर उन्हें पूरी प्रक्रिया के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

**9. वरीयता क्रम: एक समान अंक होने पर, वरीयता क्रम निम्नानुसार होगा:**

9.1. उन अभ्यर्थियों को प्रथम वरीयता दी जाएगी जिन्होंने किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया हो।

9.2. अगली वरीयता उन लोगों को दी जा सकती है जिन्होंने भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित सीनियर या जूनियर स्तर की राष्ट्रीय चैंपियनशिप या राष्ट्रीय खेलों में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया हो और पदक जीते हों या तृतीय स्थान तक स्थान प्राप्त किया हो। सीनियर और जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप/ खेलों में भाग लेने वाले उम्मीदवारों में से, सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने और पदक जीतने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

9.3 अगली वरीयता उन लोगों को दी जा सकती है, जिन्होंने भारतीय विश्वविद्यालय संघ/अंतर विश्वविद्यालय खेल बोर्ड या खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों द्वारा आयोजित अंतर-विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया हो और पदक जीते हों या फाइनल में तृतीय स्थान तक स्थान प्राप्त किया हो।

9.4 अगली वरीयता उन लोगों को दी जा सकती है जिन्होंने खेलो इंडिया यूथ गेम्स (18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) या खेलो इंडिया विंटर गेम्स में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया हो और पदक जीते हों या फाइनल में तृतीय स्थान तक स्थान प्राप्त किया हो।

9.5 अगली वरीयता उन खिलाड़ियों को दी जा सकती है जिन्होंने अखिल भारतीय स्कूल खेल महासंघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल/स्कूली खेलों में राज्य के स्कूलों का प्रतिनिधित्व किया हो और पदक जीते हों या तृतीय स्थान तक स्थान प्राप्त किया हो।

9.6 अगली वरीयता उन लोगों को दी जा सकती है जिन्होंने श्रेणियों (10.2) से (10.5) में उल्लिखित स्तर पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/विश्वविद्यालय/राज्य स्कूल टीमों का प्रतिनिधित्व किया हो, लेकिन वे समान वरीयता क्रम में पदक या स्थान नहीं जीत सके। व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा/प्रतियोगिता में भागीदारी को समान वरीयता दी जा सकती है। एक से अधिक पदक/ स्थान जीतने पर कोई वरीयता नहीं दी जाएगी।

**10. फील्ड ट्रायल के समय प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज़ों की सूची:** पात्रता और पहचान के लिए निम्नलिखित दस्तावेजों की मूल प्रति तथा उनकी स्वयं द्वारा सत्यापित फोटोकॉपी फील्ड ट्रायल के समय अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जानी है, अन्यथा अभ्यर्थियों को फील्ड ट्रायल में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। फील्ड ट्रायल के समय अभ्यर्थी द्वारा अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर उसे भर्ती प्रक्रिया में आगे भाग लेने से वंचित कर दिया जाएगा।

10.1. आवेदन का प्रिंटआउट

10.2. फील्ड ट्रायल हेतु कॉल लेटर का प्रिंटआउट।

10.3. जन्म तिथि का प्रमाण (एसएसएलसी के लिए सक्षम नगर पालिका द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र/ जन्म तिथि के साथ कक्षा 10 का प्रमाण पत्र)।

10.4. पहचान के लिए कृपया मूल पासपोर्ट/ आधार कार्ड/ पैन कार्ड/ मतदाता पहचान पत्र/ ड्राइविंग लाइसेंस/ वैधानिक प्राधिकारियों द्वारा जारी कोई अन्य फोटो पहचान पत्र, जिस पर फोटो चिपका हो, उसकी फोटोकॉपी साथ लाएं।

10.5. एसएससी परीक्षा की अंकतालिकाएँ/ प्रमाणपत्र।

10.6. एचएससी परीक्षा की मार्कशीट / प्रमाण पत्र

10.7. स्नातक: स्नातक की फाइनल डिग्री सहित सेमेस्टर/वर्षवार अंकतालिकाएँ और प्रमाण पत्र। कट-ऑफ तिथि पर या उससे पहले परिणाम घोषित करने के लिए बोर्ड/विश्वविद्यालय से उचित दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

10.8. **जिन खेलों में अंतर्राष्ट्रीय/ राष्ट्रीय/ राज्य/ स्थानीय/ विश्वविद्यालय आदि में उत्कृष्टता/ भागीदारी की गई हो, उनके प्रमाण पत्र प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रारूप में निम्नानुसार प्रस्तुत किए जाएंगे:**

| क्र | प्रतियोगिता | प्रमाण पत्र प्रदान करने वाला प्राधिकरण |
|---|---|---|
| 1 | अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता | संबंधित खेल के राष्ट्रीय महासंघ के सचिव। |
| 2 | राष्ट्रीय प्रतियोगिता | संबंधित खेल के राष्ट्रीय महासंघ का सचिव या राज्य संघ का सचिव |
| 3 | अंतर-विश्वविद्यालय टूर्नामेंट | संबंधित विश्वविद्यालय के खेल डीन या समग्र खेल परिवर्तन से संबंधित अन्य अधिकारी |
| 4 | राष्ट्रीय/ खेल/ स्कूलों के लिए खेल | राज्य के लोक शिक्षण/ शिक्षा निदेशालय में विद्यालयों के लिए खेल/ खेलों के समग्र प्रभारी निदेशक या अपर/ संयुक्त या उप निदेशक। |
| 5 | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स/ खेलो इंडिया यूथ गेम्स/ खेलो इंडिया विंटर गेम्स | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी/खेलो इंडिया यूथ गेम्स/ खेलो इंडिया विंटर गेम्स के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) से नामित अधिकारी/ प्रभारी अधिकारी। |

10.9. ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) श्रेणी के अभ्यर्थियों के मामले में, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र।

10.10. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति-प्रमाणपत्र।

10.11. सरकारी/अर्ध-सरकारी कार्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित) में सेवारत उम्मीदवारों को फील्ड ट्रायल के समय अपने नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाण पत्र" प्रस्तुत करना आवश्यक है, जिसके अभाव में उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

10.12. पात्रता के लिए कोई अन्य आवश्यक दस्तावेज़।

10.13. यदि अभ्यर्थी उपर्युक्त वर्णित आवश्यक पात्रता दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो उसे फील्ड ट्रायल में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। फील्ड ट्रायल के समय आवश्यक पात्रता दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर अभ्यर्थी को आगे की भर्ती प्रक्रिया के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

**11. आवेदन की प्रक्रिया:**

11.1. आवेदकों को अपना आवेदन अनुलग्नक (ए) में संलग्न प्रारूप में स्व-सत्यापित दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करना होगा।

11.2. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 08.07.2024 है। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

11.3. सभी पात्र और इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित आवेदन प्रारूप में 08.07.2024 तक या उससे पहले नीचे दिए गए पते पर आवेदन करें। नियत तिथि के बाद प्राप्त कोई भी आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

11.4. अपूर्ण आवेदन या आवश्यक अपेक्षित दस्तावेजों के न होने पर आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

11.5. भर्ती के लिए आवेदन के साथ आवेदकों द्वारा जमा किया जाने वाला आवेदन शुल्क निम्नानुसार है, जिसमें आवेदन शुल्क पर 18% जीएसटी शामिल है (नॉन रिफंडेबल) :

| **क्र** | **श्रेणी** | **आवेदन शुल्क + सूचना शुल्क** | **जीएसटी** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सामान्य / ईडब्ल्यूएस / ओबीसी | 500 | 90 | 590 |
| 02 | एससी/एसटी | 100 | 18 | 118 |

11.6. एक बार आवेदन जमा हो जाने के बाद उसे वापस नहीं लिया जा सकता तथा भुगतान किया गया शुल्क किसी भी आधार पर वापस नहीं किया जा सकता और न ही उसे किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए आरक्षित रखा जा सकता है।

11.7. आवेदन पत्र पर **"मेधावी महिला खिलाड़ियों की भर्ती 2024-25 के लिए आवेदन"** लिखकर संबोधित करें

**"महाप्रबंधक, मानव संसाधन प्रबंधन"**
**बैंक ऑफ महाराष्ट्र, मानव संसाधन प्रबंधन विभाग,**
**प्रधान कार्यालय, "लोकमंगल", 1501, शिवाजीनगर, पुणे 411 005".**

**11.8. भुगतान का माध्यम : -** आवेदन शुल्क जीएसटी सहित किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक पर आहरित **"बैंक ऑफ महाराष्ट्र- मेधावी खिलाड़ियों की भर्ती** 2024-25" के पक्ष में **पुणे** पर देय डिमांड ड्राफ्ट (नॉन रिफंडेबल) के माध्यम से देय है। भुगतान का कोई अन्य माध्यम स्वीकार्य नहीं है।

**12. आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज:**

12.1 आवेदन पत्र पर नवीनतम पहचान योग्य पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चिपकाया जाना चाहिए, तथा अभ्यर्थी द्वारा आर-पार हस्ताक्षर कर अग्रेषित किया जाना चाहिए।

12.2 जन्मतिथि का प्रमाण (म्युनिसिपल प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र या एसएसएलसी / 10 वीं प्रमाणपत्र जन्मतिथि सहित) ।

12.3 पहचान के लिए कृपया पासपोर्ट/ आधार कार्ड/ पैन कार्ड/वोटर आईडी/ ड्राइविंग लाइसेंस/ सांविधिक प्राधिकारियों द्वारा जारी कोई अन्य फोटो पहचान पत्र, जिस पर फोटो लगा हो, साथ लाएं।

12.4 एसएससी (10वीं) परीक्षा और एचएससी (12वीं) परीक्षा की अंक तालिकाएं/ प्रमाणपत्र।

12.5 **स्नातक**: अंतिम डिग्री सहित स्नातक की अलग-अलग सेमेस्टर/वर्षवार मार्कशीट और प्रमाणपत्र। नियत दिनांक को या उससे पूर्व परिणाम घोषित किए जाने संबंधी बोर्ड/ विश्वविद्यालय से उचित दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

12.6 **ऐसे खेलों के प्रमाण-पत्र जिनमें अंतर्राष्ट्रीय/ राष्ट्रीय/ राज्य/ घरेलू/ विश्वविद्यालय आदि में उत्कृष्टता प्राप्त/ भागीदारी की गई हो, प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किए जाने चाहिए। उम्मीदवार खेलों में अपनी दक्षता के विशेष उल्लेख हेतु अन्य अतिरिक्त संबंधित प्रमाण-पत्र संलग्न कर सकते हैं।**

12.7 ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) श्रेणी के अभ्यर्थियों के मामले में, केवल भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में ही सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाणपत्र।

12.8 एससी / एसटी / ओबीसी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाणपत्र।

12.9 सरकारी/अर्ध-सरकारी कार्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित) में कार्यरत अभ्यर्थियों को फील्ड ट्रायल के समय अपने नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करना आवश्यक है, जिसके अभाव में उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और यात्रा व्यय, यदि कोई अन्यथा अनुदेय है, का भुगतान नहीं किया जाएगा।

12.10 पात्रता के समर्थन में कोई अन्य प्रासंगिक दस्तावेज। यदि उम्मीदवार ऊपर बताए गए प्रासंगिक पात्रता दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो उसे फील्ड ट्रायल के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रासंगिक पात्रता दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर उम्मीदवार को आगे की भर्ती प्रक्रिया के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

**13.कदाचार के दोषी पाए गए अभ्यर्थियों के विरूद्ध कार्रवाई**:

13.1. अभ्यर्थियों को सचेत किया जाता है कि वे आवेदन पत्र भरते समय कोई भी मिथ्या, हेर-फेर किया हुआ/ जाली विवरण या दस्तावेज प्रस्तुत न करें तथा कोई भी महत्वपूर्ण जानकारी न छिपाएं।

13.2 फील्ड ट्रायल के समय, यदि कोई अभ्यर्थी निम्नलिखित का दोषी पाया जाता है (या पाया गया है) : (i) फील्ड ट्रायल के दौरान अनुचित साधनों का उपयोग करना या (ii) किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्रतिरूपण करना या प्रतिरूपण करवाना या (iii) दुर्व्यवहार करना या (iv) चयन के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनियमित या अनुचित साधन का सहारा लेना या (v) किसी भी अनुचित साधन से अपनी उम्मीदवारी के लिए सहयोग लेने की स्थिति में ऐसा अभ्यर्थी, स्वंय को आपराधिक अभियोजन के लिए उत्तरदायी बनाने के अतिरिक्त, निम्नलिखित के लिए भी उत्तरदायी होगा:

13.3. उस फील्ड ट्रायल से अयोग्य घोषित किया जाना जिसके लिए वह उम्मीदवार है

13.4. बैंक द्वारा आयोजित भर्ती से, स्थायी रूप से या निर्दिष्ट अवधि के लिए, वंचित किया जाना।

**14. सामान्य जानकारी**:

14.1. उम्मीदवारों को आवेदन किए गए संबंधित खेल के लिए अपनी पात्रता के बारे में स्वंय को संतुष्ट करना चाहिए। आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर अपेक्षित शुल्क के साथ आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को बैंक परीक्षा में प्रवेश देगा और भर्ती के प्रत्येक चरण में उनकी पात्रता निर्धारित करेगा।

14.2 अभ्यर्थियों को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिनांक से पर्याप्त पूर्व आवेदन करें तथा अंतिम दिनांक तक प्रतीक्षा न करें।

14.3 बैंक ऑफ महाराष्ट्र किसी भी कारण से या बैंक ऑफ महाराष्ट्र के नियंत्रण से परे किसी अन्य कारण से उम्मीदवारों द्वारा अंतिम दिनांक तक अपने आवेदन जमा न कर पाने के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है।

14.4 किसी अभ्यर्थी को एक से अधिक आवेदन नहीं करना चाहिए। एक से अधिक आवेदनों के मामले में, केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन ही मान्य होगा और अन्य पंजीकरणों के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क/ सूचना शुल्क जब्त कर लिया जाएगा। एक अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक उपस्थिति दर्ज कराने पर उम्मीदवारी को तुरंत निरस्त/ रद्द कर दिया जाएगा।

14.5 सरकारी/ अर्ध-सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थाओं सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे फील्ड ट्रायल के समय अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' प्रस्तुत करें, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

14.6 चयन होने की स्थिति में, अभ्यर्थियों को नियुक्ति के समय नियोक्ता से उचित सेवामुक्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

14.7 चूंकि परिणाम घोषित होने के एक वर्ष बाद इस प्रक्रिया का अभिलेख नहीं रखा जाएगा, अतः इसके पश्चात इस प्रक्रिया से संबंधित सूचना/ डेटा उपलब्ध नहीं होगा।

14.8 उम्मीदवार के चयन के पश्चात, किंतु बैंक में शामिल होने से पूर्व, अभ्यर्थी को अपने विरूद्ध लंबित आपराधिक मामले (यदि कोई हो) के बारे में विवरण प्रदान करना होगा। बैंक स्वतंत्र सत्यापन भी

कर सकता है, जिसमें पुलिस रिकॉर्ड आदि का सत्यापन शामिल है। बैंक ऐसे प्रकटीकरण और/ या स्वतंत्र सत्यापन के आधार पर नियुक्ति से इनकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

14.9 इस विज्ञापन और/या इसके प्रतिसाद में किसी आवेदन का कारण किसी भी दावे या विवाद के मामले में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल पुणे में ही की जा सकेगी और किसी भी मामले/विवाद पर सुनवाई करने का एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार केवल पुणे स्थित न्यायालयों/ न्यायाधिकरणों/ फोरमों के पास होगा। बैंक किसी भी आधार पर किसी भी स्तर पर भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह या आंशिक रूप से परिवर्तन/ संशोधन करने/ निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और बैंक के ऐसे निर्णय को अधिसूचित अथवा अभ्यर्थियों को सूचित नहीं किया जाएगा।

14.10 आवेदकों को उनके आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर उनकी आयु या योग्यता या श्रेणी या किसी अन्य पात्रता मानदंड के सत्यापन के बिना फील्ड ट्रायल के लिए बुलाया जाएगा। अतः आवेदकों को निश्चित रूप से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे इस अधिसूचना में निर्धारित कट-ऑफ दिनांक तक सभी अधिसूचित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, उनके पास बैंक द्वारा निर्दिष्ट अपेक्षित दस्तावेज/ प्रमाणपत्र उपलब्ध हैं, और उनके द्वारा आवेदन में दिए गए विवरण पूर्णतः सत्य और सही हैं।

14.11. केवल फील्ड ट्रायल में उपस्थित होना या फील्ड ट्रायल के लिए बैंक द्वारा बुलाए जाने का तात्पर्य यह नहीं है कि बैंक आवेदक की पात्रता से संतुष्ट है। बैंक भर्ती के किसी भी चरण में या उसके पश्चात अभ्यर्थियों की पात्रता की पुष्टि कर सकता है और पद के लिए अपात्र पाए जाने पर अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की सेवा समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

14.12. बैंक इस अधिसूचना में वर्णित पात्रता मानदंड और/या किसी भी अन्य नियम और शर्तों को बदलने, संशोधित या परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

14.13. बैंक अभ्यर्थियों की योग्यता/उपयुक्तता और अनुभव आदि के संदर्भ में प्रारंभिक स्क्रीनिंग/ शॉर्ट लिस्टिंग के बाद फील्ड ट्रायल के लिए केवल अपेक्षित संख्या में उम्मीदवारों को बुलाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

14.14. बैंक, यदि आवश्यक हो तो चयन प्रक्रिया को बदलने/संशोधित करने/अनुपूरक प्रक्रिया आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यदि कोई परिवर्तन होता है, तो उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट/पंजीकृत ई-मेल के माध्यम से पहले से सूचित किया जाएगा।

14.15. फील्ड ट्रायल के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को आवेदन में दी गई जानकारी के अनुसार बैंक की वेबसाइट/ पंजीकृत ई-मेल/ एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाएगा। यद्यपि बैंक ई-मेल/ एसएमएस द्वारा संप्रेषण भेजने के लिए अधिकतम प्रयास करता है, तथापि यदि किसी अभ्यर्थी को तकनीकी या किसी अन्य कारण से यह संप्रेषण प्राप्त नहीं होता है, तो बैंक संप्रेषण प्राप्त न होने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपडेट के लिए बैंक की वेबसाइट को निरंतर देखते रहें।

14.16. अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। भर्ती प्रक्रिया के सभी चरणों में उनकी उम्मीदवारी इस विज्ञापन में उल्लिखित निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन पूरी तरह से अनंतिम होगी।

14.17. यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अभ्यर्थी द्वारा दी गई कोई भी गलत/ त्रुटिपूर्ण जानकारी पाई जाती है, तो उसे चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और यदि नियुक्त किया जाता है, तो उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी।

14.18. यदि अभ्यर्थी जानते हुए या जानबूझकर गलत या मिथ्या विवरण प्रस्तुत करता है या महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाता है, तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और यदि नियुक्त किया जाता है, तो उसे बिना किसी नोटिस या कोई भी कारण बताए बिना बैंक की सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है।

14.19. भर्ती से संबंधित सभी प्रकरणों में बैंक का निर्णय अंतिम होगा तथा किसी भी प्रकार के व्यक्तिगत पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। बैंक किसी भी तकनीकी या अन्य कारणों या विलंब के लिए जिम्मेदार नहीं है।

14.20. बैंक ऑफ महाराष्ट्र में भर्ती पूरी तरह से योग्यता के अनुसार व्यवस्थित रूप से की जाती है। किसी भी प्रकार की केनवैसिंग की स्थिति में अभ्यर्थी को अयोग्य माना जाएगा।

14.21. बैंक इस विज्ञापन के माध्यम इस भर्ती प्रक्रिया को किसी भी चरण पर तथा किसी भी आधार पर पूरी तरह या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है तथा बैंक के ऐसे निर्णय को अधिसूचित नहीं किया जाएगा तथा इसकी जानकारी अभ्यर्थियों को नहीं दी जाएगी।

14.22. सरकारी/अर्ध-सरकारी उपक्रम में कार्यरत कर्मचारियों को फील्ड ट्रायल के समय "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करना होगा।

14.23. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार उसके मेडिकली फिट घोषित किए जाने के अधीन है। ऐसी नियुक्ति बैंक के सेवा एवं आचरण नियमों के अधीन भी होगी।

14.24. जिन अभ्यर्थियों के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है/ की गई थी तथा लघु/ घोर दंड दिया गया है/ दिया गया था, ऐसे अभ्यर्थी किसी भी पद के लिए आवेदन करने हेतु पात्र नहीं हैं।

**15. घोषणाएँ:**

15.1. इस प्रक्रिया से संबंधित सभी आगे की घोषणाएँ/ विवरण समय-समय पर केवल **https://bankofmaharashtra.in** पर प्रकाशित/ उपलब्ध किए जाएँगे। इस संबंध में कोई अलग से विज्ञापन जारी नहीं किया जाएगा।

**16. अस्वीकरण:**

**16.1.** यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/ मिथ्या जानकारी दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

16.2. यदि नियुक्ति के पश्चात भी इनमें से कोई भी कमियां पाई जाती है, तो उसकी/ उनकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं। पात्रता, फील्ड ट्रायल/ चयन के संचालन से संबंधित सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम होंगे और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होंगे। इस संबंध में किसी भी प्रकार के अभ्यावेदन या पत्राचार पर बैंक द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

16.3. हेल्पडेस्क: फॉर्म भरने, शुल्क भुगतान/ सूचना प्रभार अथवा प्रवेश/ कॉल लेटर प्राप्त करने में किसी भी तरह की समस्या होने पर, ईमेल **agmhrm@mahabank.co.in/ bomrpcell@mahabank.co.in / hrmtrg@mahabank.co.in** पर संपर्क किया जा सकता हैं। अभ्यर्थियों को ईमेल के विषय में 'बैंक ऑफ महाराष्ट्र में मेधावी खिलाड़ियों की भर्ती **2024-25'** का उल्लेख करना चाहिए।

**महाप्रबंधक**
**मा.सं.प्र.**

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**
**मेधावी खिलाड़ियों के पद के लिए आवेदन**

सेवा में,
महाप्रबंधक
बैंक ऑफ महाराष्ट्र,
मानव संसाधन प्रबंधन विभाग, प्रधान कार्यालय
"लोकमंगल" 1501, शिवाजीनगर,
पुणे 411 001

पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएँ और फोटो पर हस्ताक्षर करें।

बैंक की वेबसाइट पर दिनांक _______________ को मेधावी महिला खिलाड़ियों के चयन के लिए आपके विज्ञापन के संदर्भ में, मैं आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन प्रस्तुत करता हूँ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. | खेल संवर्ग के लिए आवेदन | ग्राहक सेवा एसोसिएट (केवल वॉलीबॉल के लिए) के पद हेतु आवेदन:- | | |
| 02 | आवेदक का पूरा नाम | | | |
| 03 | पिता/ पति का नाम | | | |
| 04 | जन्म दिनांक | | गृह राज्य | |
| 05 | श्रेणी | | वैवाहिक स्थिति | |
| 06 | लैंडलाइन नंबर | | मोबाईल क्र. | |
| 07 | ईमेल पता | | राष्ट्रीयता | |
| 08 | भूतपूर्व सैनिक | | कश्मीर डिवीजन के निवासी | |
| 09 | धर्म | | लिंग | |
| 10 | अल्पसंख्यक समुदाय | | | |
| 11 | क्या आप 1984 के दंगों में मारे गए लोगों के बच्चों/ परिवार के सदस्यों से संबंधित हैं। | | कंप्यूटर का ज्ञान | |
| 12 | पत्र-व्यवहार के लिए पता | | | |
| 13 | स्थायी पता | | | |
| 14 | **(क) योग्यता विवरण:** | | | |

| क्र. | योग्यता | विषय | उत्तीर्ण होने का माह/ वर्ष | प्राप्तांक % |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 10वीं/ एसएससी | | | |
| 2 | 12वीं/ एचएससी | | | |
| 3 | स्नातक | | | |

**(ख) वॉलीबॉल में दक्षता/ प्राप्त प्रमाणपत्र:**

| क्र. | टूर्नामेंट का स्तर जैसे राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय | प्रतियोगिता का दिनांक | खेल प्रतियोगिता का स्तर यथा; आयोजक | सहभागिता का दिनांक | विजेता की स्थिति / पुरस्कार/ स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |
| 5 | | | | | |
| 6 | | | | | |
| 7 | | | | | |
| 8 | | | | | |
| 9 | | | | | |
| 10 | | | | | |
| 11 | | | | | |
| 12 | | | | | |
| 13 | | | | | |
| 14 | | | | | |
| 15 | | | | | |

**वॉलीबॉल से संबंधित अतिरिक्त प्रमाणपत्र दस्तावेजों के साथ संलग्न किए जा सकते हैं**

15

**कार्य अनुभव विवरण (यदि कोई हो) :**

| क्र. | संगठन का नाम | धारित पद | सेवा अवधि | | निर्वाह किए गए कार्यों की प्रकृति | छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

| | |
|---|---|
| | **क्या सेवा में हैं: हाँ/ नहीं** |

| | | |
|---|---|---|
| 01 | संगठन का नाम | |
| 02 | पूरा पता | |
| 03 | पद | |
| 04 | रिपोर्टिंग प्राधिकारी | |
| 05 | वर्तमान में प्राप्त वेतन/ क्षतिपूर्ति | |
| 06 | कोई अन्य विवरण | |

16 **संदर्भ नाम :**

| क्रमांक | संदर्भ नाम | धारित पद | मोबाइल नंबर | ईमेल आईडी. |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

17 **ज्ञात भाषाएँ:**

| क्र. | भाषा | पढ़ना | लिखना | बोलना |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

**गैर-वापसी योग्य शुल्क का विवरण:**

| क्रमांक | डीडी जारीकर्ता बैंक एवं शाखा | जारी स्थान | जारी दिनांक | डीडी क्रं. | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**घोषणा:**

मैं प्रमाणित करता हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही है। मैंने उपरोक्त कथन में कोई भी महत्वपूर्ण तथ्य या तथ्यात्मक जानकारी नहीं छिपाई है। मुझे पता है कि यदि मैंने गलत जानकारी दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य या तथ्यात्मक जानकारी छिपाई है या मैं विज्ञापन के अनुसार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता हूँ तो नियुक्ति के बाद भी बिना कोई नोटिस या कारण बताए बगैर मेरी उम्मीदवारी निरस्त/ समाप्त कर दी जाएगी।

मैं प्रमाणित करता हूँ कि मैं आयु, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव के संबंध में विज्ञापन के अनुसार आवेदन किए गए पद के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा करता हूँ।

मैं इस बात से सहमत हूँ कि आवेदन या उक्त विज्ञापन से उत्पन्न किसी भी मामले या दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही मेरे द्वारा केवल पुणे में ही की जा सकती है, जो किसी भी मामले/विवाद पर सुनवाई करने का एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार होगा। मैं बैंक द्वारा दिए गए विज्ञापन की सभी शर्तों का पालन करने का वचन देता हूँ।

दिनांक:- (                    )

स्थान:- आवेदक का नाम व हस्ताक्षर